Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

Answer Sheet No. : ....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________

(In words)

D—5505

PAPER—II

Test Booklet No.

LABOUR WELFARE & INDUSTRIAL RELATIONS

Time : 1¼ hours] **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   Example : (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   उदाहरण : (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS/LABOUR AND SOCIAL WELFARE/HUMAN RESOURCE MANAGEMENT

PAPER – II

Note : This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

1. Match the following :

	List - I (Name of the Contributor)		List - II (Contribution)
(a)	Charles Babbage	(i)	Systems approach
(b)	F.J. Roethlisberger and Dickson	(ii)	X, Y theory
(c)	Douglas Murray McGregor	(iii)	Hawthorne Experiments
(d)	Talcot Parsons	(iv)	Fair day's work

Code :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

2. With which school of management thought 'Case of Schimadt' is associated ?

(A) Scientific Management School (B) Human Relations School

(C) Behaviour School (D) Systems Approach

3. Arrange the following stages of Hawthorne Experiments as they were conducted :

(i) Bank Wiring Observation Test Room

(ii) Illumination Experiment

(iii) Mass Interviewing Programme

(iv) Relay Assembly Test Room

(A) (ii), (iv), (i), (iii) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

(C) (i), (iii), (iv), (ii) (D) (ii), (iii), (i), (iv)

श्रम कल्याण एवं औद्योगिक सम्बन्ध/श्रम एवं समाज कल्याण/मानव संसाधन प्रबन्धन

प्रश्न पत्र – II

नोट : इस प्रश्न पत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

सूची-I	**सूची-II**
योगदान करने वालों के नाम	**योगदान**
(a) चार्ल्स बबेज़	(i) पद्धतियों का दृष्टिकोण
(b) एफ.जे.रॉथलिसबरगर तथा डिक्सन	(ii) X, Y सिद्धान्त
(c) डगलस मरे मैकग्रेगर	(iii) हॉथार्न का प्रयोग
(d) टैलकॉट पार्सन्स	(iv) फेयर डेज वर्क

कोड :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

2. प्रबन्धन के किस स्कूल के विचारों से 'केस ऑफ स्किम्डट' सम्बन्धित है?

(A) वैज्ञानिक प्रबन्धन स्कूल
(B) मानव सम्बन्ध स्कूल
(C) व्यवहार विद्यालय
(D) पद्धतियों का दृष्टिकोण

3. हॉथार्न के प्रयोगों को, जैसे वे संचालित किये जाते हैं, उन्हें निम्नलिखित स्तरों में क्रमबद्ध कीजिए :

(i) बैंक वायरिंग आब्जर्वेशन टेस्ट रुम
(ii) इल्यूमिनेशन एक्सपेरिमेन्ट
(iii) मास इन्टरव्यूइंग प्रोग्राम
(iv) रिले असेम्बली टेस्ट रुम

(A) (ii), (iv), (i), (iii)
(B) (ii), (iv), (iii), (i)
(C) (i), (iii), (iv), (ii)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

4. When the chain of command is longer than the span of control, the resultant organisation structure is :

(A) Balanced (B) Flat (C) Tall (D) None of the above

5. What for feed forward control stands ?

(A) to be proactive (B) to be futuristic

(C) to be strategic (D) all the above

6. Which of the following is not an operative function of Personnel/Human Resource Management ?

(A) Procuring (B) Planning

(C) Developing (D) Maintaining

7. In which order the following aspects of Manpower planning operate in established organisations ?

(i) Recruitment (ii) Job analysis

(iii) Manpower Inventory (iv) Manpower Forecasting

(A) (iii), (ii), (iv), (i) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

(C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (iii), (ii), (i), (iv)

8. Which of the following is not a method of selection ?

(A) Advertisement (B) Interview

(C) Tests (D) Reference checking

9. The method by which relative worth of Jobs in an organisation is determined is called as :

(A) Job Specification (B) Job Description

(C) Job Analysis (D) Job Evaluation

4. यदि "स्पेन ऑफ कन्ट्रोल" (नियंत्रण का विस्तार) से "चेन ऑफ कमान्ड" (आदेश की शृंखला) लम्बी हो, तब संगठनात्मक बनावट होगा :

(A) सन्तुलित
(B) समतल
(C) ऊँचा
(D) ऊपर लिखे हुए में से कोई भी नहीं।

5. "फीड फारवर्ड कन्ट्रोल" (प्रगतिशील पोषक नियंत्रक) किसके लिए प्रयुक्त होता है?

(A) प्रयोग में आने के लिए
(B) भविष्य के लिए
(C) नीतिगत अनुकूलता के लिए
(D) ऊपर लिखित सभी

6. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य सेवि वर्गीय प्रबन्ध/मानव संसाधन प्रबन्ध के क्रियात्मक कार्य के अन्तर्गत नहीं आता है?

(A) कर्मचारियों की प्राप्ति
(B) नियोजन
(C) विकासशील
(D) बनाये रखना

7. जनशक्ति नियोजन के निम्नलिखित पहलू एक स्थापित संस्था में किस क्रम में कार्य करते है?

(i) भर्त्ती
(ii) कार्य विश्लेषण
(iii) जनशक्ति सूची
(iv) जनशक्ति पूर्वानुमान

(A) (iii), (ii), (iv), (i)
(B) (ii), (iv), (iii), (i)
(C) (iv), (iii), (ii), (i)
(D) (iii), (ii), (i), (iv)

8. निम्नलिखित में से कौन चयन प्रक्रिया का तरीका नहीं है?

(A) विज्ञापन
(B) साक्षात्कार
(C) परीक्षण
(D) सन्दर्भ जाँच

9. वह तरीका जिसके द्वारा कार्य के सापेक्षिक मूल्य किसी संस्था में निर्धारित किया जाता हैं उसे कहते हैं :

(A) कार्य विशेषीकरण
(B) कार्य विवरण
(C) कार्य विश्लेषण
(D) कार्य मूल्यांकन

10. **Assertion (A) :** Grievance and Discipline are mutually complementary control mechanisms.

Reason (R) : Discipline is a control of the management on employee and Grievance is a control of the employee on the management.

(A) **(A)** is right but **(R)** is wrong

(B) Both **(A)** and **(R)** are wrong

(C) **(A)** is wrong and **(R)** is right

(D) Both **(A)** and **(R)** are right

11. Match the following :

	List - I		**List - II**
(a)	Top Management	(i)	Human Skill
(b)	Middle Management	(ii)	Conceptual Skill
(c)	Junior Management	(iii)	Technical Skill

Code :	**(a)**	**(b)**	**(c)**
(A)	(iii)	(i)	(ii)
(B)	(ii)	(i)	(iii)
(C)	(i)	(ii)	(iii)
(D)	None of the above		

12. 360° Appraisal refers to the appraisal to be done by :

(A) Superiors and Subordinates

(B) Superiors Subordinates and Customers

(C) Superiors Subordinates, Customers and Peers

(D) None of the above

10. **कथन (A) :** शिकायत और अनुशासन दोनों परस्पर अनुपूरक नियंत्रण के तंत्र हैं।

कारण (R) : कर्मचारियों के ऊपर प्रबन्धन का नियंत्रण ही अनुशासन है तथा कर्मचारियों का प्रबन्धन के ऊपर नियंत्रण ही शिकायत है।

(A) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(C) **(A)** गलत और **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

11. इन्हें सुमेलित कीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	शिखर प्रबन्धन	(i)	मानव की कुशलता
(b)	मध्यम प्रबन्धन	(ii)	अवधारणा की कुशलता
(c)	कनीयस प्रबन्धन	(iii)	तकनीकी कुशलता

कोड :	**(a)**	**(b)**	**(c)**
(A)	(iii)	(i)	(ii)
(B)	(ii)	(i)	(iii)
(C)	(i)	(ii)	(iii)
(D)	ऊपर के कोई भी नहीं		

12. 360° मूल्यांकन का सम्बन्ध है, उस मूल्यांकन से, जो इनके द्वारा किया गया है :

(A) सुपीरियर्स (पर्यवेक्षकों) तथा अधीनस्थों

(B) सुपीरियर्स अधीनस्थों तथा उपभोक्ताओं

(C) सुपीरियर्स अधीनस्थों उपभोक्ताओं तथा समकक्षों

(D) इनमें से कोई नहीं (ऊपर लिखित में)

13. Which of the following is not a method of operative training ?

(A) Grid Training
(B) Vestibule Training
(C) Apprenticeship Training
(D) Demonstration

14. Which of the following is not a sub-system of HRD ?

(A) Training and Development
(B) Career Planning
(C) Performance Appraisal
(D) None of the above

15. The word "Kanban" refers to :

(A) A means of effective dialogue
(B) A meaning of effective communication and visual control
(C) A means of potential appraisal
(D) All the above

16. Consider the following assertions :

I. When role occupants perceive that they do something unique or new in their roles, their efficiency is high.

II. When role occupants perceive that they do only routine tasks, their role efficiency gets lowered.

Which of the following is true about above assertions respectively ?

(A) I Vs II : : Surfacing Vs Exploring
(B) I Vs II : : Individualism Vs Creativity
(C) I Vs II : : Linkage Vs Isolation
(D) I Vs II : : Creativity Vs Routinism

13. निम्नलिखित विधियों में कौन क्रियात्मक प्रशिक्षण नहीं है?

(A) ग्रिड प्रशिक्षण
(B) द्वारकोष्ठ प्रशिक्षण
(C) शिक्षुकाल प्रशिक्षण
(D) प्रदर्शन प्रणाली

14. मानव संसाधन विकास की सह-पद्धति के रूप में क्या नहीं आता?

(A) प्रशिक्षण और विकास
(B) जीवनवृत्ति की योजना
(C) मूल्यांकन का कार्यान्वयन
(D) ऊपर लिखित कोई भी नहीं

15. ''कनबन'' शब्द का सम्बन्ध किससे है?

(A) प्रभावशाली संवाद का एक माध्यम
(B) प्रभावशाली सम्प्रेषण और दृष्टिगत नियंत्रण का एक अर्थ
(C) अन्तर्निहित (प्रच्छन्न) मूल्यांकन का साधन
(D) ऊपर लिखित सभी

16. निम्नलिखित उक्तियों पर विचार करें :

I. जब मुख्य अधिभोक्ता, यह धारणा रखते हों कि वे कुछ अनोखा कर रहे हैं या अपनी भूमिका में कुछ नया दे रहे हैं तब उनकी क्षमता श्रेष्ठ होती है।

II. जब मुख्य अधिभोक्ता यह धारणा रखते हों कि वे मात्र नियमित कार्य कर रहे हैं, तब उनकी भूमिका की क्षमता में गिरावट आती है।

उपरोक्त उक्तियों के बारे में निम्न में से कौन क्रमश: सही है

(A) I बनाम II : : पृष्ठीय बनाम अनुसंधानात्मक
(B) I बनाम II : : वैयक्तिकता बनाम सर्जनात्मकता
(C) I बनाम II : : सम्पर्क बनाम एकान्तवास
(D) I बनाम II : : सर्जनात्मक्ता बनाम नियमितता

17. The term 'Blind Spot' in Johari window model refers to :

(A) The self that is known to others as well as to oneself

(B) The self which is known to others but not to oneself

(C) The self which is known neither to others nor to oneself

(D) The motives, feelings etc, which are known to one's own self

18. MBO cannot be implemented effectively in an organisation which is prone to rapid changes, either internal or environmental, because :

(A) It becomes difficult to set objectives in a changing environment

(B) It becomes difficult to assign responsibilities in a changing situation

(C) Unforeseen changes may refer most objectives unachievable

(D) None of the above

19. The concept of task - oriented and people oriented leadership was developed by :

(A) Blake and Monton (B) John Berry

(C) Maxwell (D) Hertzberg

20. Which of the following is not the process theories of motivation ?

(A) Vroom's expectancy model

(B) Adam's equity theory

(C) Porter's performance satisfaction theory

(D) Alderfer's ERG theory

17. जोहारी विन्डो मॉडल में ''ब्लाइंड-स्पॉट'' यह कथन कहाँ लागू होता है?

(A) व्यक्तित्व का वह अंश जो अन्य को तथा स्वयं को ज्ञात हो।

(B) व्यक्तित्व का वह अंश जो अन्य को ज्ञात हो लेकिन स्वयं को नहीं।

(C) व्यक्तित्व का अंश जो अन्य को तथा स्वयं को भी ज्ञात न हो।

(D) अभिप्राय, संवेदना इत्यादि जो स्वयं को ज्ञात हो।

18. किसी संगठन में एम.बी.ओ. प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित नहीं किये जा सकते जो तीव्र गति से परिवर्त्तनशील हों, चाहे आन्तरिक अथवा वातावरणीय हो क्योंकि :

(A) परिवर्त्तनीय वातावरण में उद्धेश्य निर्धारित करना कठिन होता हैं।

(B) परिवर्त्तनशील स्थितियों में उत्तरदायित्व निर्धारित करना कठिन होता है।

(C) अप्रत्याशित परिवर्त्तनों में बहुत से उद्देश्य अप्राप्य हो सकते हैं।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. कार्य अभिमुख तथा जन अभिमुख नेतृत्व की धारणा का विकास हुआ निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा :

(A) ब्लेक तथा मोन्टन (B) जॉन बेरी (C) मैक्सवेल (D) हर्ट्ज़बर्ग

20. निम्नलिखित में से कौन मोटिवेशन (अमिप्रेरणा) की प्रक्रिया का सिद्धान्त नहीं है :

(A) व्रूम का एक्सपेक्टैन्सी का आदर्श

(B) एडम का इक्विटी सिद्धान्त

(C) पोर्टर की 'परफोरमेन्स सटिस्फेक्शन' (कार्यसन्तुष्टि) का सिद्धान्त

(D) एल्डरफर का ई.आर.जी. सिद्धान्त

21. Who said, there are three actors of industrial relations ?

(A) Lester (B) Dale yoder (C) Dunlop (D) Krikardy

22. Good industrial relations refer to :

(A) Absence of industrial disputes

(B) Greater use of Collective Bargaining

(C) Friendly attitude of Employer and Trade Unions

(D) All the above

23. To which of the following the two voluntary schemes of workers' participation in management introduced in the year 1975 and 1977 do not apply :

(A) Manufacturing

(B) Mining Industries

(C) Commercial and Service Organisations

(D) Central Public Sector Undertakings

24. Arrange the following in proper sequence :

(i) Establishment of the Indian Labour Conference

(ii) First Bombay Factory Commission

(iii) Submission of the Report of the Royal Commission on Labour

(iv) Establishment of the ILO

(A) (ii), (iv), (iii), (i) (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iii), (ii), (iv), (i) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

25. Which of the following is not a voluntary tripartite body ?

(A) Indian Labour Conference

(B) Standing Labour Committee

(C) Central Advisory Board

(D) None of the above

21. 'औद्योगिक सम्बन्ध के तीन अभिनेता हैं – यह किसने कहा?

(A) लिस्टर (B) डेल योडर (C) डनलप (D) क्रिकार्डी

22. अच्छे औद्योगिक सम्बन्धों का सम्बन्ध है :

(A) औद्योगिक झगड़ों की अनुपस्थिति

(B) सामूहिक सौदेबाजी का अधिकांशत: उपयोग

(C) नियोक्ता और ट्रेड यूनियन (श्रम संगठनों) की मित्रवत् मानसिकता

(D) ऊपर लिखित सभी

23. वर्ष 1975 और 1977 में प्रबन्धन के अन्तर्गत कर्मचारियों की भागीदारी के लिए बनायी गयी कौन सी दो ऐच्छिक योजनायें निम्नलिखित में लागू नहीं होती हैं :

(A) उत्पादन (मैनुफैक्चरिंग) (B) खनिज उद्योग

(C) वाणिज्य एवं सेवा संस्थायें (D) केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

24. निम्नलिखित को क्रमबद्ध करें :

(i) भारतीय श्रम सम्मेलन की स्थापना

(ii) प्रथम बम्बई फैक्टरी कमीशन

(iii) श्रम पर रोयल कमीशन की सुपुर्द रिपोर्ट

(iv) आई.एल.ओ. की स्थापना

(A) (ii), (iv), (iii), (i) (B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iii), (ii), (iv), (i) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

25. इनमें से कौन एक जनहित त्रिवलयात्मक संस्था नहीं है :

(A) भारतीय श्रम कानफ्रेंस

(B) स्टेडिंग लेबर कमिटी

(C) सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड (केन्द्रीय परामर्श बोर्ड)

(D) इनमें से कोई नहीं

26. Theories on Trade Unionism were proposed by :

(A) Elton Mayo, Marx and Gandhi

(B) Marx, Weber and Gandhi

(C) Pearlman, Weber and Webbs

(D) Pearlman, Webbs and Marx

27. Which of the following was the first National Labour Federation organised in India ?

(A) INTUC (B) AITUC (C) CITU (D) HMS

28. As per the rights of the registered trade unions, account books can be inspected :

(A) Only by the trade union members of the concerned union

(B) Only by the office bearers of the concerned unions

(C) Members and office bearers of the trade union at such time as provided in the rules

(D) Members of any trade union

29. Match the following :

	List - I		**List - II**
(a)	Trusteeship Theory	(i)	Elton Mayo
(b)	Revolutionary Theory	(ii)	Labour welfare
(c)	Placating Theory	(iii)	Karl Marx
(d)	Human Relations Theory	(iv)	Gandhi

Code :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(C)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(D)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)

26. किनके द्वारा श्रम संगठनों के सिद्धान्त प्रस्तावित किये गये थे ?

(A) एल्टन मेयो, मार्क्स और गाँधी

(B) मार्क्स, वेबर और गाँधी

(C) पर्लमेन, वेबर तथा वेब्स

(D) पर्लमेन, वेब्स और मार्क्स

27. इनमें से कौन सा राष्ट्रीय श्रम संगठन सबसे पहले स्थापित हुआ था ?

(A) आई. एन. टी. यू. सी. (B) ए. आई. टी. यू. सी.

(C) सी. आई. टी. यू. (D) एच. एम. एस.

28. पंजीकृत मजदूर संघों के अधिकार के संदर्भ में इनके खाता बही का निरीक्षण निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जा सकता है ?

(A) सम्बन्धित मजदूर संघ के सदस्यों के द्वारा ही।

(B) सम्बन्धित मजदूर संघ के पदाधिकारियों के द्वारा।

(C) सम्बन्धित मजदूर संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा निर्धारित समय पर जिसकी चर्चा नियम में की गयी हो।

(D) किसी भी मजदूर संघ के सदस्यों के द्वारा।

29. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

	सूची - I		**सूची - II**
(a)	ट्रष्टीशिप का सिद्धान्त	(i)	एल्टन मायो
(b)	क्रान्तिकारी सिद्धान्त	(ii)	श्रम कल्याण
(c)	प्लेकेटिंग सिद्धान्त	(iii)	कार्ल मार्क्स
(d)	मानव सम्बन्ध सिद्धान्त	(iv)	गाँधी

कोड *:*	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(C)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(D)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)

30. An application has been made by a union of 10,000 workers for registration to the Registrar of Trade Unions. More than half of the total number of workers (6000) who made the application, have ceased to be the members of the union before registration. What will happen to the registration of that union ?

(A) Since 4000 workers are still there, the union will be registered by the registrar

(B) The application will be rejected

(C) The Trade Union Act, 1926 is silent on this subject

(D) None of the above

31. Which of the following is not a principle of labour legislations ?

(A) Principle of Social Justice
(B) Principle of Economic Equality
(C) Principle of Social Welfare
(D) Principle of International Uniformity

32. As a result of the New Economic Policy in India, for which of the following legislations there is a growing demand from employers for a change ?

(A) Maternity Benefit Act, 1961
(B) Trade Unions Act, 1926
(C) Industrial Disputes Act, 1947
(D) E.S.I. Act, 1948

33. For which of the following there is no provision under the Factories Act, 1948 ?

(A) Canteen Managing Committee
(B) Safety Officer
(C) Site Appraisal Committee
(D) Welfare Committee

34. A worker has instituted a claim for compensation in respect of an injury before a Workmen's compensation Commissioner and now he wants to institute a suit in a civil court for the same injury. Which of the following will be the correct in this regard ?

(A) He can institute a suit in the civil court

(B) He cannot institute a suit in the civil court as he has taken the claim to the commissioner

(C) The suit can be taken to both simultaneously

(D) None of the above

30. एक मजदूर संघ जिसकी सदस्य 10,000 है उसके द्वारा रजिस्ट्रार महोदय को पंजीकरण के लिए एक आवेदन दिया गया है। फंजीकरण के पूर्व ही 6,000 श्रमिक उस मजदूर संघ से अपने को अलग कर लेते हैं। ऐसी स्थिति उस मजदूर संघ के पंजीकरण का क्या होगा?

(A) उस मजदूर संघ में अभी भी 4,000 सदस्य होने के कारण उसका पंजीकरण कर लिया जायगा।

(B) वह आवेदन खारिज (अस्वीकृत) कर दिया जायगा।

(C) इस सम्बन्ध में मजदूर संघ अधिनियम, 1926 पूर्ण रूप से मौन है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. निम्नलिखित में से किसे श्रम कानून का सिद्धान्त नहीं कहा जा सकता है?

(A) सामाजिक न्याय का सिद्धान्त

(B) आर्थिक समानता का सिद्धान्त

(C) समाज कल्याण का सिद्धान्त

(D) अन्तर्राष्ट्रीय एकरूपता का सिद्धान्त

32. नयी आर्थिक नीति के कारण भारत में निम्नलिखित कानूनों में से किस कानून में परिवर्त्तन करने के लिए सबसे अधिक मांग की जा रही है :

(A) मातृत्व लाभ अधिनियम 1961

(B) मजदूर संघ अधिनियम 1926

(C) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947

(D) ई.एस.आइ. कानून 1948

33. निम्नलिखित में से किसके सम्बन्ध में कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कोई प्रावाधान नहीं दिया गया है?

(A) कैन्टीन प्रबन्धन कमिटी

(B) सुरक्षा पदाधिकारी

(C) साइट अप्रेजल कमिटी

(D) कल्याण कमिटी

34. एक श्रमिक ने दुर्घटना के बाद क्षतिपूर्त्ति की मांग के सम्बन्ध में क्षतिपूर्त्ति कमिशन के समक्ष अपना आवेदन किया है। अब इसी मांग को लेकर वह व्यावहारिक अदालत में मुकदमा करना चाहता है ऐसी स्थिति में निम्नलिखित में से कौन सी निर्णय उचित कहा जायगा?

(A) वह अपनी मांग व्यावहारिक अदालत के समक्ष रख सकता है

(B) एक बार यदि उसने अपनी मांग क्षतिपुर्त्ति कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया हो तो उस स्थिति में उस मांग को वह व्यावहारिक अदालत में नहीं ले जा सकता है।

(C) वह अपनी मांग कमीश्नर महोदय के समक्ष तथा व्यावहारिक न्यायालय दोनों में ही एक साथ ले जा सकता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. Which of the following is correct ?

(A) Maternity Benefit Act, 1961 is a scheme of social assistance

(B) Maternity Benefit Act is a scheme of social insurance

(C) It is an example of both social insurance and social assistance

(D) None of the above

36. Match the following :

	List - I		**List - II**
(a)	Protected workman	(i)	Industrial Employment (Standing orders) Act, 1946
(b)	Immunity from civil suit	(ii)	Maternity Benefit Act, 1961
(c)	Subsistence Allowance	(iii)	Industrial Disputes Act, 1947
(d)	Medical Bonus	(iv)	Trade Union Act, 1926

Code :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(B)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

37. An individual workman can raise an industrial dispute in case of :

(A) Retrenchment

(B) Dismissal

(C) Discharge

(D) All the above

38. Match the following :

	List - I		**List - II**
(a)	Two or more members	(i)	Board of Conciliation
(b)	Chairman and two or four members	(ii)	Works Committee
(c)	One member	(iii)	Labour Court
(d)	Number of workmen representatives not less than management representatives	(iv)	Court of Enquiry

Code :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(D)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

35. निम्नलिखित में से किसे सही कहा जा सकता है?

(A) मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 सामाजिक सहायता की एक योजना है।

(B) मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 समाजिक बीमा की एक योजना है।

(C) यह मातृत्व सामाजिक बीमा तथा सामाजिक सहायता दोनों की ही योजना है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

36. इन्हें सुमेलित कीजिए :

(a)	सुरक्षित श्रमिक	(i)	औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946
(b)	दीवानी मुकदमा से छुटकारा	(ii)	मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961
(c)	निर्वाह भत्ता	(iii)	औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947
(d)	मेडिकल बोनस (चिकित्सा बोनस)	(iv)	मजदूर संघ अधिनियम, 1926

कोड :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(B)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

37. एक व्यक्तिगत श्रमिक के द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थिति में औद्योगिक विवाद उठाया जा सकता है?

(A) छंटनी (B) बरखास्तगी (C) सेवामुक्त (D) उपरोक्त सभी

38. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

(a)	दो या अधिक सदस्य	(i)	सुलह बोर्ड
(b)	अध्यक्ष एवं दो अथवा चार सदस्य	(ii)	कार्य समिति
(c)	एक सदस्य	(iii)	श्रम न्यायालय
(d)	श्रमिकों के प्रतिनिधियों की संख्या प्रबन्धन के प्रतिनिधियों की संख्या कम नहीं	(iv)	जाँच अदालत

कोड :	**(a)**	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(D)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

39. The Equal Remuneration Act, 1976 provides :

(A) Equal Remuneration to men and women

(B) Equal Remuneration to men and women and helps to remove discrimination in recruitment

(C) Equal Remuneration to men and women for same work and helps to remove discrimination while recruiting men and women

(D) None of the above

40. Within how many months from the date of closing of the Accounting year bonus must be paid by the employer under the Payment of Bonus Act, 1965 :

(A) 7 months (B) 8 months (C) 9 months (D) 10 months

41. Which of the following legislations does not contain labour welfare provisions ?

(A) Industrial Disputes Act, 1947 (B) Mines Act, 1952

(C) Plantation Labour Act, 1951 (D) Factories Act, 1948

42. Who among the following advocated the use of collective bargaining as the best method for promoting healthy labour management relations in India ?

(A) Mahatma Gandhi (B) Guljarilal Nanda

(C) Khandubhai Desai (D) V.V. Giri

43. Which of the following is a statutory welfare facility under the Factories Act, 1948 ?

(A) Games and Sports (B) Housing Facilities

(C) Transport Facilities (D) None of the above

44. Which of the following has done considerable work in the field of labour welfare ?

(A) CARE (B) WHO (C) ILO (D) UNICEF

39. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 निम्नलिखित में से किसे सूचित करता है :

(A) पुरुष और महिलाओं के लिए समान पारिश्रमिक

(B) पुरुष और महिलाओं को समान पारिश्रमिक देकर उन्हें मदद करना तथा उनकी भर्त्ती में किसी प्रकार के भेदभाव को दूर करना

(C) पुरुषों और महिलाओं को एक जैसे कार्य के लिए एक जैसी मजदूरी देना तथा भर्त्ती के समय उनमें किसी प्रकार के भेद-भाव को दूर करना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत लेखा खाता वर्ष (एकाउन्टिंग इयर) बन्द होने के कितने माह के अन्दर श्रमिकों को मालिक के द्वारा बोनस का भुगतान कर दिया जाना चाहिए?

(A) सात माह (B) आठ माह (C) नौ माह (D) दस माह

41. निम्नलिखित में से किस कानून में श्रम कल्याण के सम्बन्ध में प्रावधान नहीं दिये गये हैं :

(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (B) खदान अधिनियम, 1952

(C) चाय बागान श्रमिक अधिनियम, 1951 (D) कारखाना अधिनियम, 1948

42. निम्नलिखित में से किस विद्वान ने कहा था कि भारतीय उद्योग में मैत्रीपूर्ण मालिक श्रमिक सम्बन्ध स्थापित करने के लिए सामूहिक सौदेबाजी सर्वश्रेष्ठ तरीका है?

(A) महात्मा गाँधी (B) गुलजारीलाल नन्दा (C) खांडूभाई देसाई (D) वी.वी. गिरि

43. कारखाना अधिनियम, 1948 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा कानूनी श्रम कल्याण सुविधा के अन्तर्गत आता है?

(A) खेल तथा क्रीड़ा (स्पोर्टस्) सम्बन्धी सुविधाएं (B) आवास सम्बन्धी सुविधाएं

(C) परिवहन सुविधायें (D) उपरोक्त में कोई नहीं

44. श्रम कल्याण के क्षेत्र में निम्नलिखित संस्थाओं में से किस संस्था ने महत्त्वपूर्ण/काफी कार्य किया है?

(A) सी. ए. आर. ई. (B) डब्ल्यू. एच. ओ.

(C) आई. एल. ओ. (D) यू. एन. आई. सी. ई. एफ.

45. Under which part of the Indian Constitution necessity of more labour welfare is emphasised :

(A) Fundamental Rights

(B) Directive Principles of State Policy

(C) Both under Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy

(D) None of the above

46. Which of the following is not a characteristics of Indian Labour Market ?

(A) Migratory character

(B) Low level of literacy

(C) High Degree of Unionization

(D) High rates of Absenteeism and Labour Turnover

47. Who among the following propounded the marginal productivity theory of wages ?

(A) Davidson (B) Webbs (C) Maurice Dobb (D) Walker

48. Which of the following is not a method of State Regulation of Wages ?

(A) Minimum Wage Legislation (B) Ordinances

(C) Wage Boards (D) Industrial Tribunals

49. Wages paid on the basis of units produced are called :

(A) Time Rated (B) Money Wages (C) Piece Rated (D) Real Wages

50. Which of the following is not a type of wage differential ?

(A) Occupational wage differential (B) Geographical wage differential

(C) Wage - Differentials on the basis of sex (D) Personal wage differential

- o O o -

45. भारतीय संविधान के किस अंश में श्रम कल्याण के सम्बन्ध में विशेष प्रावधान दिये गये हैं?

(A) मौलिक अधिकार

(B) राज्य के नीति निर्देशक तत्व

(C) मौलिक अधिकार तथा राज्य के नीति निर्देशक तत्व दोनों में ही

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. भारतीय श्रम बाजार पर निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता लागू नहीं होती है?

(A) प्रवासीय गुण

(B) साक्षरता का निम्न स्तर

(C) संगठनीकरण का उच्च स्तर

(D) अनुपस्थितता तथा श्रमिक हस्तान्तरितता का उच्च दर

47. मजदूरी का सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त के प्रवर्त्तक निम्नलिखित में से कौन थे?

(A) डेविडसन (B) वेब्स (C) मॉरिस डॉब (D) वाकर

48. मजदूरी के राजकीय नियमन के, निम्नलिखित में से कौन से तरीके नहीं हैं?

(A) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम

(B) अध्यादेश

(C) मजदूरी बोर्ड

(D) औद्योगिक ट्रिब्यूनल

49. उत्पादन की ईकाइयों के आधार पर मजदूरी भुगतान के तरीके को कहा जाता है :

(A) समय दर

(B) मुद्रा मजदूरी

(C) इकाई दर

(D) वास्तविक मजदूरी

50. निम्नलिखित में से कौन मजदूरी भिन्नता का एक प्रकार नहीं है?

(A) व्यावसायिक मजदूरी अन्तर

(B) भौगोलिक मजदूरी अन्तर

(C) लिंग के आधार पर मजदूरी भिन्नता

(D) व्यक्तिगत मजदूरी अन्तर

- o O o -

Space For Rough Work